जयपुर मेट्रो स्मार्ट कार्ड

मानसरोवर से चांदपोल मार्ग पर स्थित **सभी 9 मेट्रो स्टेशनों के 18 ग्राहक सेवा केन्द्रो पर जयपुर मेट्रो के स्मार्ट कार्ड बिक्री हेतु उपलब्ध है।** मेट्रो संचालन अवधि के दौरान कोई भी व्यक्ति किसी भी मेट्रो स्टेशन के ग्राहक सेवा केन्द्र (Customer Care Centre) पर जाकर ये मेट्रो कार्ड खरीद सकता है।

मेट्रो स्टेशनों पर टिकिट खरीदने के लिए लाईन में खड़े होने की परेशानी से हमेशा की छुट्टी पाने एवं 15% तक के आकर्षक डिस्काउण्ट का लाभ उठाने के लिए स्मार्ट कार्ड से मेट्रो की यात्रा फायदेमंद व सुविधाजनक है। इन कार्डों को खरीदने के लिए किसी आई.डी. प्रूफ की आवश्यकता नहीं है। यह कार्ड 100 रूपये से 1000 रूपये तक के उपलब्ध है। न्यूनतम राशि 100 रूपये के स्मार्ट कार्ड में 50 रूपया अमानत राशि एवं 50 रूपया स्टोर वेल्यू है। 50 रूपये की यात्रा पूरी करने पर या आगामी यात्रा शुरू करने से पहले इसे रिचार्ज कराना आवश्यक होगा।

प्रत्येक स्मार्ट कार्ड के साथ एक कार्ड पाउच तथा मेट्रो की जानकारी देने वाली एक बुकलेट मुफ्त में दी जायेगी।

स्मार्ट कार्ड पर निम्न प्रकार किराये में छूट देय होगीः–

किराया	**छूट**
Less than Rs.10	Nil
Rs.10 or more but less than Rs. 20	10%
Rs. 20 or more	15%

एक अप्रेल 2017 से बेचे जाने वाले नये स्मार्ट कार्ड तथा इस तिथि से पूर्व खरीदे गये पुराने स्मार्ट कार्ड भी जयपुर मेट्रो में चलते रहेगें, लेकिन एक अप्रेल 2017 से यह सभी कार्ड नॉन रिफण्डेबल होगें। इन कार्डों को लौटाने पर 50 रूपया अमानत राशि में से प्रोसेसिगं चार्ज के रूप में 25 रूपये की राशि काटकर शेष अधिकतम 25 रूपये की राशि ही रिफण्ड की जायेगी।

इन स्मार्ट कार्डों को मेट्रो स्टेशनों के अलावा इन्टरनेट बैंकिगं से भी वेब रिचार्ज (www.jaipurmetrosmartcard.in) किया जा सकता है।

इसके अलावा एचडीएफसी बैंक के डेबिट कार्ड के साथ जयपुर मेट्रो का स्मार्ट कार्ड एक संयुक्त कोम्बो कार्ड के रूप में जयपुर स्थित बैंक की शाखाओं पर भी उपलब्ध है। जिससे ग्राहक को एक ही कार्ड से बैंकिगं एवं मेट्रो यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी।

(सी.एस. जीनगर)
निदेशक (परिचालन एवं प्रणाली)